### एक नजर में

## पानी की समस्या से परेशान वार्डवासी

**खिलचीपुर 01 नवंबर, सं.** नगर के वार्ड नंबर 10 में वर्षों से रहवासियों को पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है. वार्ड निवासी आशा झाला ने बताया कि साल-2021 में नल कनेक्शन के लिए राशि जमा की, लेकिन आज तक पानी नहीं आया. लीला बाई और डॉ. विशाल सोनी ने भी कई सालों से जल समस्या की शिकायत की, बावजूद इसके नल कनेक्शन अधूरा और पाइप लाइन में पानी का दबाव पर्याप्त नहीं है. रुक्मिणी सोनी ने बताया कि हाल में चार दिन के लिए ही नल चले और बाद में बंद कर दिए गए. वार्ड के रहवासियों ने नगर परिषद, सीएम हेल्प लाइन और कलेक्टर से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ. इस पर नगर परिषद सीएमओ देवेंद्र वत्स ने कहा कि समस्या का निराकरण जल्द किया जाएगा.

## सेवानिवृत्त हुए नाथ को दी विदाई

**जीरापुर 01 नवंबर, सं.** नगर परिषद में कार्यरत लेखापाल रमेशचंद्र नाथ की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया. उल्लेखनीय है कि रमेशचंद्र नाथ ने नगरीय निकाय जीरापुर में पेतींस वर्ष अपनी सेवाएं प्रदान की. कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी, शिवचरण मण्डलोई, गिरिराज जुलानिया, कुशल कुशवाह, संजय भावसार, बंकट माहेश्वरी, मुकेश पुष्पद, कमल झावा एवं समस्त परिषद सदस्य, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने सेवानिवृत्त रमेशचंद्र नाथ का साफा पहनाकर शाल श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया. विदाई समारोह में समस्त परिषद सदस्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा देवनारायण दांगी, ब्रजेश उपाध्याय, रामगोपाल दांगी, रमेश मालवीय, ओंकार मंडलोई, राधेश्याम दांगी, आजाद झावा, मोहनलाल झावा कर्मचारी उपस्थित रहे.

**The court Of III District and Additional Session Judge, Biaora, District Rajgarh M.P. Presidingh Officer हेमंत सिंह**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

**(RCA/0000019/2025)**

**अंकित दांगी..... वादी VS**

**सर्वसाधारण व अन्य....प्रतिवादी**

**Proces Id-/2025 पेशी दिनांक 22/11/2025**

**प्रेषिती-**

**(1) सर्वसाधारण व अन्य**

यह कि अपीलार्थी अंकित दांगी ने आपके विरूद्ध अपील अंतर्गत धारा 96 सी.पी.सी. के अधीन वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें.

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

यह आज तारीख 30 अक्टूबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

**हेमंतसिंह**
**तृतीय जिला न्यायाधीश ब्यावरा**
**जिला राजगढ़ म.प्र.**

# पूजा-अर्चना कर उठाए देव, शुभ कार्य शुरू

### शुभ मुहूर्त में घर, मंदिरों में हुई ठाकुरजी की पूजा

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 01 नवंबर, का. देवउठनी ग्यारस पर नगर सहित जिले भर में धार्मिक परंपरानुसार शुभ मुहूर्त में शंख-झालर की स्वर लहरियों के बीच देव उठाए गये. शाम के बाद शुभ मुहूर्त में घर, मंदिरों में देव उठाने की शुरुआत हुई. गन्ने का मण्डप सजाकर ठाकुरजी की पूजा, आरती की. आतिशबाजी से आसमान गूंज उठा.**

बाजार में रही भारी भीड़

बाजार में गन्ना, पूजन सामग्री व अन्य सामग्रियों की जमकर बिक्री हुई. अहिंसा द्वार, पंचमुखी मंदिर मैदान सहित अन्य जगह गन्ने की दुकाने लगी हुई थी. दोपहर से लेकर देर शाम तक बाजार में काफी भीड़ रही.





गन्ने का मण्डप बनाकर सजाया गया. शुभ मुहूर्त में लोगों ने भगवान श्री हरि की पूजा कर आरती उतारी. बोर, फली, आंवला लेकर मण्डप की परिक्रमा की. इसी के साथ शुभ कार्य प्रारंभ होंगे. विवाह, गृह प्रवेश आदि शुभ कार्यों की शुरुआत होगी.

देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रंगोली और मांडनों से मंदिर परिसर एवं विवाह मंडप को आकर्षक रूप से सजाया. सुबह से ही महिलाएं समूह बनाकर धार्मिक गीतों के साथ तैयारियों में जुटी रही. पीले-लाल प्राकृतिक रंगों से तैयार मांडनों में भारतीय परंपरा व लोक संस्कृति की झलक दिखाई दी. तुलसी विवाह के लिए बनाए गए मंडप को फूल-मालाओं, दीपों और अशोक-पत्तो से सजाया गया.

### शुभ, मांगलिक कार्यों की होगी शुरुआत

**नरसिंहगढ़ 01 नवंबर, सं.** उठो देव सांवला बोर फली आंवला की गूंज के साथ देव उठाये गये. घर-घर भगवान विष्णु सालगराम जी की पूजा की गई.

घरों की छतों एवं आंगन में

### बाजार में खूब बिका गन्ना

देवउठनी ग्यारस पर बाजार में काफी रौनक रही. बाजार में गन्ने की खूब ब्रिकी हुई. ग्रामीण क्षेत्रो से बाजार में गन्ने की अच्छी आवक रही बाजार में 200 रूपये के 5 गन्ने तक बिके. वहीं बाजार में फूल माला, मिठाई, सिंगाड़ा, जामफल, पटाखे की अच्छी बिक्री हुई.



## तुलसी के पौधे पाकर उत्साहित हुए श्रद्धालु

### श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर किया तुलसी पौधों का वितरण



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 01 नवंबर, का. देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर नगर के श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर तुलसी जी के पौधो का वितरण किया गया. तुलसी के पौधे पाकर श्रद्धालुजन काफी उत्साहित नजर आये.**

प्रात: के समय मंदिर धाम पर तुलसीजी की पूजा-अर्चना, आरती पश्चात श्रद्धालुओं को पौधो का वितरण किया गया. ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल द्वारा पौधा वितरण का शुभारंभ किया गया. 700 से अधिक पौधो का वितरण किया. संचालन वरिष्ठ सदस्य जुगल किशोर गुप्ता टाटा वाले द्वारा किया गया. इस दौरान मंदिर ट्रस्ट परिवार के सदस्यगण, श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## श्री खाटू श्याम के दरबार में उमड़ा जनसैलाब



### प्रकट उत्सव एवं एकादशी पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे मंदिर धाम

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 01 नवंबर, का.** नगर में गुना रोड पर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर धाम पर श्री खाटू श्याम जी के प्रकट उत्सव एवं देवउठनी एकादशी के अवसर पर मंदिर धाम पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा. हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर धाम पहुंचकर दर्शन किए.

सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिर धाम लगने लगी थी. मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा इस अवसर के लिए विशेष तैयारियां की थी. उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो फूल एवं कलकत्ता के गुलाब के फूलों से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया.

सुबह की आरती से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था. दोपहर की आरती तक मंदिर प्रांगण पूरी तरह से खचाखच भर गया. नगर सहित आसपास क्षेत्र और जिले भर से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे.

**ढोल-ढमाके से पहुंचे भक्त -** कई स्थानों से ध्वज पताकाओं, भजनों एवं जयकारों के बीच ढोल-ढमाके, डीजे के साथ निशान यात्राएं मंदिर धाम पहुंची. भक्त नाचते-गाते हुए निशान यात्रा लेकर बाबा खाटू श्याम के दरबार में पहुंचे तथा बाबा को निशान समर्पित किया.

स्थानीय पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से विशाल निशान यात्रा निकाली गई जो मंदिर धाम पहुंची.

**व्यवस्था में लगे रहे श्रद्धालु -** भारी भीड़ के चलते मंदिर समिति के सदस्यगण, श्रद्धालु व्यवस्थाओं में लगे रहे. सिटी थाना के पुलिसकर्मी मंदिर परिसर और आसपास तैनात रहकर यातायात व्यवस्था में लगे रहे. नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धालुओं को सुचारु रूप से दर्शन कराने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया.

# मध्य प्रदेश अपनी पहचान और गौरव के साथ विकसित हो रहा

### प्रदेश के स्थापना दिवस पर गूंजे जय मध्यप्रदेश के नारे

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़, 01 नवम्बर, का.** मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस 1 नवंबर को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया. मुख्य समारोह जिला मुख्यालय पर हुआ.

यहां हुए कार्यक्रम की शुरुआत मध्यप्रदेश गान के साथ हुई. कार्यक्रम के दौरान जय मध्यप्रदेश के नारों से वातावरण गूंज उठा.

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि 1 नवंबर आज का दिन अत्यंत शुभ है, जब हम मध्यप्रदेश के गठन दिवस पर अपने प्रदेश के गौरव और सम्मान के लिए एकत्र हुए है. हमारे संविधान निर्माताओं ने राज्यों की सीमाएं भाषा और संस्कृति के आधार पर निर्धारित की थी. उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासनकाल में यह क्षेत्र सेंट्रल प्रोविंसेज कहलाता था और आज यह प्रदेश अपनी पहचान और गौरव के साथ विकसित रूप में हमारे सामने है.



राज्यमंत्री श्री पंवार ने मध्यप्रदेश के गठन की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य का भौगोलिक मानचित्र भगवान नंदी के समान दिखाई देता है, जो हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि कभी यह धरती बंजर और जल स्त्रोतों से वंचित थी, लेकिन अब मध्यप्रदेश में लगभग 50 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है, जिसे 2028 तक बढ़ाकर 100 लाख हैक्टेयर भूमि सिंचित करने का लक्ष्य रखा गया है. राजगढ़ जिले की भूमि भी कभी बंजर हुआ करती थी, लेकिन आज राजगढ़ जिले की भूमि पर एक-एक इंच जमीन संचित हो रही है.

इस दौरान उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी. मालवी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति के महत्व को सुंदर रूप से दर्शाया गया. कलेक्टर डा. गिरीश मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया गया. जिला शिक्षा अधिकारी ने आभार माना.

राज्यमंत्री श्री पंवार, विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर स्व-सहायता समूह की महिलाओं से उनके कार्य एवं उत्पादों के बारे में जानकारी ली. कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री चन्दर सिंह सौंधिया, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रताप सिंह मंडलोई, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, नपाध्यक्ष विनोद साहू, देवी सिंह सौंधिया, मनोज हाड़ा, दीपेंद्र सिंह चौहान, अमित शर्मा, मनीष जोशी सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे.

# कपिलेश्वर मंदिर पर सात दिवसीय मेले का शुभारंभ

### राज्यमंत्री डॉ.गौतम टेटवाल ने ध्वजारोहण किया

**नवभारत न्यूज**

सारंगपुर 01 नवंबर, सं. शहर के कपिलेश्वर तीर्थ स्थल श्री कपिलेश्वर मंदिर मेले का एकादशी के मौके पर शनिवार 1 नवंबर को राज्यमंत्री डॉ.गौतम टेटवाल ने शुभारंभ किया. उक्त कपिलेश्वर मंदिर परिसर पर सात दिवसीय मेला में विभिन्न् कार्यक्रम हरिहर मिलन और नगर गौरव दिवस के साथ मेले के दौरान हजारों श्रद्धालु कालीसिंध नदी में पवित्र स्नान करेंगे और कपिलेश्वर महादेव के दर्शन करेंगे. मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासनिक बैठकें आयोजित की गई थीं. जिनमें राज्यमंत्री टेटवाल ने स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे. निर्देश के अनुक्रम में मेले में पेयजल, विद्युत आपूर्ति, और सुरक्षा के इंतजाम किये गये. उक्त मेले में अस्थाई पार्किंग स्थल और पुलिस बल की विशेष तैनाती रहेगी ताकि श्रद्धालुओं, व्यापारियों और आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो. मेले में मनोरंजन की सामग्री, झूले एवं साज-सज्जा के सामान आना शुरू हो गए हैं. उक्त मेले में दूर दराज के इलाकों से भी श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहेगा. मेला शुभारंभ ध्वजारोहण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, पार्षद गोपाल पाल, अमित गिरजे, राकेश पुष्पद, एवं पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल अहिवार, कुलदीप राठौर,एवं प्रशासनिक अमला अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित बम्होरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे व थाना प्रभारी सुश्री अकांक्षा हाडा व नगर पालिका उपयंत्री अरूण गौड, विक्की ब्राहम्णे, राजस्व उप निरीक्षक सूर्यप्रकाश झाला व प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे एवं दारोगा जितेन्द्रा भैरवे एवं निकाय के समस्त शाखा प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.



मेले में बनाई अस्थाई चौकी

थाना प्रभारी आकांशा हाड़ा ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अस्थाई चौकी बनाई गई है और आपराधिक तत्वों व चोरों पर विशेष नजर रखी जाएगी. उन्होंने बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और नागरिकों से सावधान रहने की अपील की है.

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

**जीरापुर 01 नवंबर, सं.** शा. महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई गई. मुख्य वक्ता अनुपम आचार्य ने कहा कि भारत के एकीकरण में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता है. कपिल वैष्णव द्वारा शपथ दिलाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म को प्रदर्शित किया. उपरोक्त कार्यक्रम में ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ ओ.पी. गुप्ता, डॉ ललित कुमार शर्मा, डॉ महेश नरवरिया, डॉ सचिन शर्मा, डॉ मनोहर परमार, डॉ कमल सिंह अहिरवार, डॉ रीना पाटीदार, डॉ रश्मि सोनी, प्रो.कनीज अंसारी, क्रीड़ा अधिकारी मंगल सिंह झाला, मुकेश सेन, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

**जयंती** | **नामदेवजी महाराज की जयंती पर हुए आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल हुए समाजजन**

# संत शिरोमणि की जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 01 नवंबर, का. संत शिरोमणी नामदेवजी महाराज जयंती महोत्सव नगर में देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर भक्तिभाव के साथ मनाया गया.**

नामदेव समाज विकास परिषद के तत्वावधान में संत शिरोमणी श्री श्री 1008 नामदेवजी महाराज जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला से ढोल-ढमाके, जयकारों के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ जो पीपल चौराहा, मैन मार्केट, जगात चौक से होते हुए सिविल अस्पताल रोड स्थित गंगा मंदिर पहुंचा जहां पूजा-अर्चना, महाआरती की गई. खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया. गंगा मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा डा. मुकेश मारु के नेतृत्व में समाज बंधुओं का स्वागत किया गया.



**स्थान-स्थान पर हुआ स्वागत -** अग्रवाल समाज की और से शुभम भोजनालय के यहां, हरिओम जनरल स्टोर्स पर दीपक नामदेव, राजू चौरसिया, गोपाल बड़ोने, रमेशचंद्र नामदेव, पवन नामदेव कपड़े वाले, पंकज सोनी, एडव्होकेट प्रवीण नामदेव, संजय अग्रवाल, गोपाल बादशाह, पार्षद पूजा बड़ोने, रवि बड़ोने, ब्रजमोहन शर्मा, मनोज भारद्वाज, हरिओम कुशवाह के द्वारा पुष्पवर्षा, स्वल्पाहार द्वारा स्वागत किया गया.

समाज अध्यक्ष कैलाश नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष राधाकृष्ण बड़ोने, रमेशचंद्र नामदेव, गौरीशंकर नामदेव, मोहनलाल टेलर, जगदीश नामदेव, श्याम सुंदर, सत्यनारायण, पुरुषोत्तम, मांगीलाल, रामबाबू, पवन, गब्बर, ओमप्रकाश, विष्णु बड़ोने, बापूलाल, जगन्नाथ, गोपाल, राजेन्द्र, घनश्याम, हरिओम, महेन्द्र, मांगीलाल सराई, लोकेश, राजेश, दीपेश, भागेश, हरिओम, देवेन्द्र, आसु, अमित, ओमप्रकाश, शैलेन्द्र सहित बड़ी समाज के पुरुष, युवा, बच्चे एवं महिलाएं उपस्थित रहे.

## छापीहेड़ा से खुजनेर पहुंची खाटू श्याम की निशान यात्रा



**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 01 नवंबर, सं.** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी देवउठनी एकादशी एवं बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव के पावन पर्व पर परंपरागत तरीके से श्री श्याम निशान एवं पद यात्रा का आयोजन संपन्न हुआ. नगर के युवा समाजसेवी कृष्णा सोनी के नेतृत्व में निकली यात्रा का शुभारंभ त्रिपोलिया बाजार स्थित प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर से नगर के गणमान्य नागरिक एवं श्याम प्रेमियों द्वारा महाआरती कर यात्रा प्रारंभ यात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ. 25 कि.मी. की यात्रा कर श्याम प्रेमियों ने मालवा के खाटू धाम खुजनेर पहुच कर बाबा श्याम को निशान अर्पित कर सुख समृद्धि की मंगलकामना के साथ यात्रा का समापन हुआ. इस अवसर पर देवेंद्र कृष्ण शास्त्री, नीलेश गोस्वामी, बालचन्द दांगी, नवनीत सेठिया, विजयसिंह मालवीय, सुशील गुप्ता, आनंद गठेलिया, मनीष सेन, दीपक सोनी, बंटी भामी सहित कृष्णा फ्रेंड्स क्लब के सदस्य सम्मिलित रहे.